Title: Need to provide financial assistance to Government of Madhya Pradesh for drought relief.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : महोदय, इस वर्ा मध्य प्रदेश के 32 जिलों के 22490 ग्राम सूखा प्रभावित हैं। वहाँ इस वर्ा भयानक सूखे की स्थिति है। लोग पलायन के लिए मजबूर हैं। सूखे से निपटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अपेक्षित वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण सूखाग्रस्त क्षेत्र में रोज़गार के पर्याप्त साधन उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त, पेयजल संकट की दृटि से मध्य प्रदेश के सभी 45 जिले समस्याग्रस्त हैं। पेयजल संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश को सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पर्याप्त रोज़गार के साधन उपलब्ध कराने तथा जल संकट के स्थायी समाधान के लिए मध्य प्रदेश शासन को अपेक्षित आर्थिक सहयोग प्रदान करें।